an>

title: Need to take steps to control population in the country.

श्री राजकुमार सैनी (कुरुक्षेत्र) : महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक बड़े ही गम्भीर विÂषय की ओर दिलाना चाहता हूँ।...(व्यवधान) हमारे देश को आजाद हुए 68 वÂर्ष से अधिक हो चुके हैं।...(व्यवधान) देश की आबादी इतनी तीव्र गति से बढ़ रही है, जिससे कुछ ही वÂर्षों में हम चीन से भी ऊपर जाकर अधिकतम जनसंख्या वाला देश बन जाएंगे।...(व्यवधान) यह बढ़ती हुई आबादी हमारे देश की तरक्की में सबसे बड़ी रूकावट है।...(व्यवधान) लोक सभा में अब तक अनेकों संविधान संशोधन हो चुके हैं।...(व्यवधान) परन्तु इस बढ़ती हुई आबादी को रोकने के लिए कोई सख्त कानून सख्ती से लागू नहीं किया गया।...(व्यवधान) जिससे कि देश के नवयुवकों को बेरोजगारी का सामना नहीं करना पड़ता।...(व्यवधान) कुछ लोग योजनाबद्ध तरीके से देश की आबादी बढ़ा रहे हैं।...(व्यवधान)

अतः मेरा इस सदन के माध्यम से आपसे अनुरोध है कि जहाँ इतने संविधान संशोधन हो चुके हैं, वहाँ पर एक संशोधन और करके "हम दो हमारे दो" का कानून बनाकर संविधान में लागू किया जाए, ताकि बढ़ती हुई आबादी पर कन्ट्रोल किया जा सके।...(व्यवधान) इस कानून का उल्लंघन करने वाले के कुछ अधिकार भी छीने जाएँ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री रवीन्द्र कुमार जेना,

श्री सुमेधानन्द सरस्वती,

श्री भैरो प्रसाद मिश्र,

श्री शिव कुमार उदासि,

श्री उदय प्रताप सिंह,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री देवजी एम. पटेल,

श्री निशिकान्त दुबे और

श्री आलोक संजर को श्री राजकुमार सैनी जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।